हरिभूमि

# विंध्य भूमि

जबलपुर, गुरुवार 30 अक्टूबर 2025

login : www.haribhoomi.com

सतना | छतरपुर | रीवा | सिंगरौली | पन्ना



## खबर संक्षेप

### घुनवारा के ढाबों में फल-फूल रहा अवैध डीजल-पेट्रोल का कारोबार

**मैहर।** मैहर जिले से लगभग 20 किलोमीटर दूर,नेशनल हाईवे किनारे घुनवारा के आस-पास संचालित ढाबों में अवैध डीजल,पेट्रोल और इथेनॉल मिक्सिंग का कारोबार खुलेआम चल रहा है। बताया जाता है कि टैंकरों से डीज़ल-पेट्रोल निकालकर,प्रतिबंधित इथेनॉल मिलाकर कम रेट में बेचा जा रहा है। इस मिलावटी ईंधन के कारण वाहन चालकों को वाहनों के खराब होने और स्टार्ट न होने जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि इथेनॉल प्रतिबंध के बावजूद यह ढाबों तक कैसे पहुंच रहा है। इन ढाबों में खड़े ट्रकों से सामान चोरी होने की शिकायतें भी सामने आई हैं। नागरिकों का कहना है कि ज़िम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं,जिसके चलते अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं।

### महिला कांग्रेस संगठन सृजन अभियान की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

**मैहर।** महिला कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे 'संगठन सृजन अभियान' के अंतर्गत मैहर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई,जिसमें प्रदेश प्रभारी श्रीमती आरती सिंह की विशेष उपस्थिति रही। आरती सिंह ने कहा कि महिलाएं समाज की रीढ़ हैं और संगठन में उनकी सक्रिय भागीदारी से ही कांग्रेस पार्टी मजबूत होगी। उन्होंने महिला शक्ति को संगठित कर हर स्तर पर कांग्रेस की नीतियों को जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी ने महिला कार्यकर्ताओं की समस्याओं पर विचार किया और संगठन विस्तार की रणनीति पर चर्चा हुई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वार्ड और ग्राम स्तर पर महिला कांग्रेस की इकाई को सक्रिय किया जाएगा। इस अवसर पर प्रभारी रश्मि सिंह,रामनगर नगर परिषद अध्यक्ष दीपू मिश्रा,जनपद अध्यक्ष मुन्नी बाई साकेत सहित कई महिला पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

### बालक अंडर-15 और अंडर-22 क्रिकेट खिलाड़ियों का ओपन ट्रायल मैहर में 2 को

**मैहर।** रीवा डिविजनल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में होने वाली अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में मैहर की टीम के चयन के लिए ओपन ट्रायल आयोजित किए जा रहे हैं। खिलाड़ियों का चयन रविवार 2 नवंबर को सुबह 9 बजे से होगा। इसके लिए जन्मतिथि 1 सितंबर 2003 के बाद होनी चाहिए। खिलाड़ियों का चयन उसी दिन दोपहर 2 बजे से होगा। इसके लिए जन्मतिथि 1 सितंबर 2010 से 31 अगस्त 2012 के बीच होनी चाहिए।

### सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को जरियारी में मनाई जाएगी

**मैहर।** सरदार वल्लभ भाई पटेल समिति,जरियारी के तत्वावधान में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती का भव्य आयोजन किया जाएगा।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धर्मेश घई,जिलाध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी मैहर होंगे तथा अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता बाबू लाल सिंह करेंगे। कार्यक्रम के संयोजक कोदू लाल सिंह पटेल ने बताया कि 31 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे ग्राम जरियारी स्थित श्री पटेल के स्मारक पर पूजा-अर्चना और विधिवत कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने सभी लोगों से इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रणवीर सिंह रावत ने किए मां शारदा के दर्शन

**मैहर।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष रणवीर सिंह रावत सुबह मैहर रेलवे स्टेशन पहुंचे,जहाँ भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद वे विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी और जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने के साथ मैहर में विराजित मां शारदा के दर्शन करने पहुंचे और उनका आशीर्वाद लिया। श्री रावत और उनके साथियों ने नगरवासियों के सुख-समृद्धि एवं लोक कल्याण की कामना की। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के समस्त पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## चाकू से हमला कर हत्या करने वाले चारों आरोपी गिरफ्तार, कोलगवां पुलिस ने भेजा जेल

सतना।



कोलगवां आईटीआई बसोर बस्ती इलाके में हुए चाकूबाजी और हत्या के मामले में कोलगवां पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उन्हें जेल भेज दिया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक फरियादी मयंकार त्रिपाठी ने रिपोर्ट लिखाई कि आईटीआई बसोर बस्ती के पास रोड पर उनके बड़े भाई प्रलयंकार त्रिपाठी पर चाकू से हमला किया गया। जब फरियादी और उनके दोस्त शोभित पाण्डेय ने बीच-बचाव किया,तो उन पर भी चाकू से वार किया गया और मारपीट की गई। हमले में प्रलयंकार त्रिपाठी की मृत्यु हो गई,जबकि फरियादी और उनके दोस्त घायल हो गए। आरोपियों ने उनकी जेब से पैसे भी निकाल लिए। पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के मार्गदर्शन में कोलगवां थाना प्रभारी निरीक्षक सुदीप सोनी के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। मुखबिर की सूचना पर मुख्य आरोपी विष्णू वंशकार और उसके साथी सोनू उर्फ महेश बंसल,अंशू उर्फ विवेक वंशकार,और मनी वंशकार को आईटीआई शमशान घाट के पास से गिरफ्तार किया गया। घटना में प्रयुक्त चाकू भी जब्त कर लिया गया है। सभी आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया,जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

## 'आत्मनिर्भर भारत' का मार्ग 'स्वदेशी' से होकर जाता है: रावत

सतना।



भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय सतना में रीवा संभाग के संगठन प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष रणवीर सिंह रावत के प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए श्री रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत का सपना अब जन-जन का संकल्प बन चुका है। श्री रावत ने जोर देकर कहा कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में आगे बढ़ने का सबसे प्रभावी मार्ग स्वदेशी अपनाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अपने गांव,नगर और जिले में बने उत्पादों को प्राथमिकता दें, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत हो सके। उन्होंने आगामी सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के कार्यक्रमों को भव्य रूप से संपन्न करने पर भी विस्तार से चर्चा की। भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय ने स्वागत भाषण में कहा कि भाजपा प्रदेश नेतृत्व ने अब तक जो भी कार्य सौंपे हैं,उनमें सतना जिला सदैव अग्रणी रहा है। बैठक के मंच पर रणवीर सिंह रावत और पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय के साथ जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह परिहार,महापौर योगेश ताम्रकार, प्रदेश प्रवक्ता प्रहलाद कुशवाहा सहित अनेक प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रमाकांत गौतम ने किया और आभार प्रदर्शन सरोज गुर्जर ने व्यक्त किया।

## कलेक्टर ने की समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा; बाल विवाह मुक्त भारत अभियान पर कार्यशाला



**मैहर।** कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समय-सीमा प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन के मामलों की समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर अपर कलेक्टर संजना जैन,सीईओ जिला पंचायत शैलेंद्र सिंह,एसडीएम दिव्या पटेल सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। इसी के साथ,कलेक्टर रानी बाटड की अध्यक्षता में 'बाल विवाह मुक्त भारत अभियान' को लेकर एक ज़िला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। ज़िला कार्यक्रम अधिकारी राजेंद्र बांगरे ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की जानकारी दी और जनजागरूकता लाने की दिशा में उठाए गए कदमों पर चर्चा की। इसके अतिरिक्त,दीपावली के अवसर पर कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी के सेवा भावी कर्मचारियों को प्रोत्साहन स्वरूप उपहार वितरित किए।

## तिलौरा ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार की नई इबारत! घटिया निर्माण और नियम विरुद्ध कार्य का आरोप

**मैहर।** मैहर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत तिलौरा एक बार फिर भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण सुर्खियों में है। ग्राम वासियों ने सरपंच सूरज कोल और सचिव पर विकास कार्यों और वित्तीय लेनदेन में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाया है। आरोप है कि पंचायत कार्यालय के सामने कुछ दिन पहले बनी नाली ध्वस्त हो गई है,और सरपंच के कार्यकाल में बनी सड़कें भी टूट गई हैं। आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण में भी घटिया मटेरियल का इस्तेमाल किया जा रहा है। ग्रामवासियों का आरोप है कि अनुज विश्वकर्मा को फ़र्नीचर के नाम पर लाखों का बिल पास कराकर दिया गया,और ख़रीद में निम्न गुणवत्ता का फ़र्नीचर लिया गया। पंचायत एक्ट का उल्लंघन करते हुए सरपंच सूरज कोल पर अपने पिता को ग्राम पंचायत कार्यालय का चौकीदार बनाकर रखने का आरोप है। ग्राम वासियों ने जनपद पंचायत सीईओ से आग्रह किया है कि इंजीनियर की टीम भेजकर विकास कार्यों की निष्पक्ष जाँच करवाई जाए और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जाए।

## मैत्री पार्क लूट का खुलासा: कोलगवां पुलिस ने अपचारी बालक को पकड़ा, एक आरोपी फरार

सतना।

कोलगवां पुलिस ने विगत दिनों मैत्री पार्क के पास हुई लूट की घटना का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने एक नाबालिग संदेही को अभिरक्षा में लिया है,जिसने अपने साथी के साथ मिलकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया है,जबकि एक अन्य आरोपी फरार है,जिसकी तलाश जारी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि फरियादी नाबालिग ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि मैत्री पार्क के पास दो लड़कों ने नीले रंग की अपाचे मोटरसाइकिल से आकर उनका मोबाइल छीन लिया। जब फरियादी ने उनका पीछा किया,तो आरोपियों ने उन्हें थप्पड़ मारा,उनके गले से चांदी की चैन छीन ली,और उनकी स्कूटी की चाबी निकालकर भाग गए। थाना प्रभारी कोलगवां निरीक्षक सुदीप सोनी के नेतृत्व में गठित टीम ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिरों की मदद से नाबालिग संदेही को पकड़ा। अपचारी बालक को विधिवत कार्रवाई के बाद माननीय किशोर न्यायालय में पेश किया गया है।

## किशोरी को बहला फुसलाकर भगाने और दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**सतना।** कोतवाली पुलिस ने एक नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि फरियादी ने अपनी नाबालिग बेटी के गुमशुदा होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने त्वरित टीम गठित कर अपहृता की तलाश शुरू की। निरीक्षक रावेन्द्र द्विवेदी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सायबर सेल सतना की मदद ली और अपहृता की दस्तयाबी के लिए गुजरात भी भेजा गया। पतासाजी के दौरान अपहृता और संदेही आरोपी करण कन्नौज पिता जवान सिंह कन्नौज उम्र 21 वर्ष,निवासी ग्राम अतरसुआ थाना डही जिला धार को दस्तयाब किया गया। अपहृता के बयान के आधार पर आरोपी के विरुद्ध दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराएं बढ़ाई गईं।आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है।

## मारपीट कर शराब के लिए पैसे मांगने वाला आरोपी गिरफ्तार

**सतना।** कोतवाली पुलिस ने मारपीट कर शराब पीने के लिए पैसे मांगने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। फरियादी अभिषेक लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गगन कोरी निवासी बजरहा टोला ने टपरी में चाय पीते समय आकर उनसे शराब पीने के लिए पैसे मांगे और मना करने पर उनके साथ मारपीट की। पुलिस निरीक्षक रावेन्द्र द्विवेदी के नेतृत्व में की गई कार्यवाही के दौरान,जांच में यह पाया गया कि विवाद शराब पीने के लिए पैसे मांगने को लेकर हुआ था। आरोपी गगन कोरी पिता जीवनलाल कोरी उम्र 24 वर्ष,निवासी बजरहा टोला थाना सिटी कोतवाली को धरदबोचा गया और विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया,जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है। प्रकरण में फरार 01 अन्य आरोपी सौरभ सिंह ठाकुर की पता तलाश जारी है।

## गौशाला सदावर्त कमेटी ने धूमधाम से मनाई गोपाष्टमी

**सतना। 150 वर्ष पुरानी गौशाला का संचालन कर रहे गौमाता पुजारी संघ की सदावर्त कमेटी द्वारा इस वर्ष भी गोपाष्टमी उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। भारतीय नस्ल के गोवंश के संरक्षण और संवर्धन के लिए स्थापित इस गौशाला में हर वर्ष गौसेवक और नगर के व्यापारी हर्षोल्लास के साथ यह उत्सव मनाते आ रहे हैं।**

गौशाला के सचिव दीपेंद्र द्विवेदी 'दीपू' ने बताया कि गौमाता को रोज़ वर्सिंग,भूसा, खली-चुनी का आहार दिया जाता है,और मौसम के बदलाव के अनुसार गुड़,हरी भाजी और पुआ का विशेष आहार भी दिया जाता है। इस गौशाला में निःस्वार्थ भाव से उन गौमाताओं की सेवा की जाती है, जिन्हें परिजनों द्वारा त्याग दिया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ गौ माता के पूजन के साथ हुआ,जिसके बाद हवन और भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजेश अग्रवाल 'नारद' ने किया।इस अवसर पर,गल्ला मंडी और सदावर्त कमेटी द्वारा 18 गौ सेवकों को कंबल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नगर के महापौर योगेश ताम्रकार,नगर निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी 'पालन', और पूर्व ज़िला पंचायत अध्यक्ष गगनेंद्र प्रताप सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति और गौ प्रेमी उपस्थित रहे। इन प्रमुख अतिथियों ने गोपाष्टमी के अवसर पर विधि-विधान से गौ पूजन किया और गौ माता को आहार खिलाया। दीपेंद्र द्विवेदी ने सभी व्यापारियों और गौ प्रेमियों का आभार व्यक्त किया।

## रवि सराफ बने दो प्रतिष्ठित संस्थानों के सदस्य

**मैहर।** नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी और समाजसेवी रवि सराफ को एक साथ दो प्रतिष्ठित संस्थानों में सदस्य नियुक्त किए जाने से क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है। शासकीय विवेकानंद महाविद्यालय की जन भागीदारी समिति के सदस्य। ज़िला विकास सलाहकार समिति,मैहर के सदस्य। कलेक्टर कार्यालय द्वारा जारी आदेश के तहत यह नियुक्ति शासन के निर्देशानुसार की गई है। इस ज़िला विकास सलाहकार समिति में मुख्यमंत्री मोहन यादव,सांसद गणेश सिंह और विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी जैसे प्रमुख जन प्रतिनिधि शामिल हैं। श्री सराफ ने इसे सम्मान के साथ-साथ ज़िम्मेदारी का अवसर बताया और मैहर के सर्वांगीण विकास हेतु पूर्ण निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया। उनकी इस नियुक्ति पर नगर के नागरिकों,व्यापारी वर्ग और जनप्रतिनिधियों ने हार्दिक बधाई दी है।

## कसौधन वैश्य समाज ने किया लक्ष्मी पूजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन

**सतना।** श्री कसौधन वैश्य समाज सतना,टिकुरिया टोला इकाई क्रमांक-2 द्वारा श्री गणेश मैरिज हॉल में लक्ष्मी पूजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राधिका प्रसाद गुप्ता (अध्यक्ष,कसौधन वैश्य समाज सतना) उपस्थित रहे। इकाई-2 के अध्यक्ष दयाल दास गुरु ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की,जिसका संचालन महामंत्री महेश कुमार गुप्ता ने किया।मां लक्ष्मी एवं महर्षि कश्यप ऋषि की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सबसे अधिक आकर्षण का केंद्र बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम रहा,जिसमें डांस और गीत की सुंदर प्रस्तुतियाँ देकर बच्चों ने उपस्थित अतिथियों व सामाजिक जनों का मन मोह लिया और सभी ने उनकी सराहना की। अतिथियों ने पदाधिकारियों को सम्मान पत्र और बच्चों को पुरस्कार भी वितरित किए। कार्यक्रम में समाज के दिवंगत बंधुओं को श्रद्धांजलि दी गई। समापन स्वल्पाहार एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ,जिसमें बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठजन और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## दुष्कर्म के आरोपी को कोलगवां पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**सतना।** कोलगवां पुलिस ने एक नाबालिग किशोरी का अपहरण और दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताया जाता है कि फरियादिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी 15 वर्षीय नाबालिग लड़की को समीर बसोर बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपहृता को दस्तयाब किया। पीड़िता के कथनों के आधार पर प्रकरण में दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराएं जोड़ी गईं। मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर आरोपी समीर बसोर पिता बुद्धसेन बसोर उम्र 19 वर्ष,निवासी सिन्धी कैम्प थाना कोलगवां सतना को गिरफ्तार किया गया और माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## मझगवां बस स्टैंड में चला बुलडोजर अतिक्रमण पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

सतना।

मझगवां ब्लॉक मुख्यालय के बस स्टैंड पर अतिक्रमण पर मुख्यमंत्री मोहन यादव के निर्देश पर प्रशासन का बुलडोजर गरजा। सड़क पर किए गए अतिक्रमण को ध्वस्त करते हुए यह तबाड़तोड़ कार्रवाई की गई। यह कार्यवाही रोड चौड़ीकरण के कार्य के मद्देनजर की गई,जिसके लिए प्रशासन अलर्ट मोड़ पर था।कार्रवाई के दौरान मझगवां तहसीलदार हिमांशु शुक्ला,थाना प्रभारी आदित्य नारायण धुर्वे के साथ स्थानीय प्रशासनिक अमला मौके पर मौजूद रहा।

### कैमोर थाना क्षेत्र में हुई वारदात, बाइक सवार बदमाशों ने मारी गोली, भाजपा नेता की हत्या से बढ़ा तनाव

# दिन दहाड़े सरेराह भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कैमोर थाना क्षेत्र में भाजपा नेता की दिन दहाड़े सरेराह गोली मारकर हत्या कर दी गई। बाइक सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने फायरिंग की और भाग गए। गोली लगते ही भाजपा नेता लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़ा। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को कॉल किया। पुलिस पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार घटना कैमोर नगर में मंगलवार सुबह करीब 11 बजे बैंक ऑफ बड़ौदा के समीप हुई। कैमोर में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष नीलेश रजक अपनी बच्ची को स्कूल से लाने बाइक से जा रहे थे तभी बाइक पर आए नकाबपोश बदमाशों ने हमला कर दिया। पूरी घटना पास ही लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। सीसीटीवी फुटेज में दोनों हमलावर बाइक से आकर भाजपा नेता को गोली मारते स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। हमलावरों की पहचान और तलाश की जा रही है। शुरुआती जांच में हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।

नीलेश के परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर मांग कर रहे थे। मौके पर मौजूद पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने उन्हें आश्वासन दिया।

### गिरफ्तारी के लिए टीमें बनाई

विजयराघवगढ़ एसडीओपी वीरेंद्र धारवे ने बताया कि घटना सुबह साढ़े 11 बजे की है। नीलेश रजक नाम के युवक को कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने गोली मारी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। हम टीमें बनाकर काम कर रहे हैं। पूरी कोशिश है कि आरोपी जल्द गिरफ्तार हों। किसी भी हालत में आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा।

नीलेश रजक पिछले कई वर्षों से भाजपा से जुड़े हुए थे। 2023-24 में उन्हें पार्टी ने पिछड़ा मोर्चा का मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया था। इसके साथ ही, उन्हें बूथ



### संदेही के पिता ने लगाई फांसी, मां ने खाया जहर

भाजपा नेता नीलेश रजक की हत्या के मामले में पुलिस जिन दो संदिग्धों की तलाश कर रही है, उनमें से एक युवक अमरैया पार क्षेत्र का निवासी है। बताया जा रहा है कि अकरम नामक युवक का दो महीने पहले विवाद हुआ था। वारदात के दिन यह युवक कैमोर के ही रहने वाले प्रिंस नामक युवक के साथ देखा गया था। हत्या के बाद से दोनों फरार हैं और पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई है। इसी बीच संदेही प्रिंस के पिता जोसफ ने मंगलवार दोपहर अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि वह पेशे से बस ड्राइवर था। वह सुबह बस लेकर कटनी गया था और करीब 11 बजे वापस कैमोर लौटा। घर पहुंचते ही उसने कमरा बंद किया और फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। परिवार के लोगों द्वारा दरवाजा तोड़कर देखा गया तो वह मृत अवस्था में मिला। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, जोसफ की पत्नी ने भी सदमे में आकर जहर खा लिया । महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी अभिनय विश्वकर्मा सहित पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी कैमोर पहुंच गए। क्षेत्र में तनाव की स्थिति को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

### सांसद वीडी शर्मा ने की सीएम और डीजीपी से बात

कैमोर में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष नीलेश रजक की दिनदहाड़े हुई हत्या ने पूरे जिले को झकझोर दिया है। इस जघन्य घटना पर भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा (वी.डी. शर्मा) ने गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि यह समाज और मानवता दोनों के लिए शर्मनाक कृत्य है। उन्होंने कहा कि एक सामाजिक कार्यकर्ता और पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता की सरेआम गोली मारकर हत्या होना अत्यंत दुःखद और निंदनीय है।

#### सख्त कार्यवाही के निर्देश

घटना की जानकारी मिलते ही श्री शर्मा ने तत्काल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (DGP) से बात की और दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

#### अपराधिक तत्वों को संरक्षण

सांसद शर्मा ने कहा कि कटनी में कुछ तत्वों द्वारा अपराधियों को संरक्षण देने की बात सामने आ रही है, जो अत्यंत गंभीर मामला है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ऐसे लोगों की पहचान कर पुलिस को उनके खिलाफ सख्त कदम उठाने चाहिए। श्री शर्मा ने यह भी कहा कि कुछ मामलों में समाज विशेष को फंसा कर उन्हें निशाना बनाकर सहानुभूति बटोरने की साजिशें रची जा रही हैं, जिन्हें अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

#### जरूरी है कठोर कार्यवाही

उन्होंने कहा कि धर्म विशेष होने की आड़ में अपराध करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई अनिवार्य है। श्री शर्मा ने कहा कि पार्टी संगठन पीड़ित परिवार के साथ पूरी मजबूती से खड़ा है और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि नीलेश रजक के हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार कर कठोर सजा दी जाए, ताकि यह सजा पूरे प्रदेश में ऐसी घटनाओं को करने वालों और उन्हें संरक्षण देने वालों के खिलाफ ख़ौफ़ बने।

अंत में श्री शर्मा ने दिवंगत पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष नीलेश रजक को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि इस कठिन समय में पूरा संगठन पीड़ित परिवार के साथ है। उन्होंने जनता से संयम बनाए रखने और प्रशासन पर भरोसा रखने की अपील की।

### आईजी एवं डीआईजी भी पहुंचे कटनी, भारी पुलिस बल तैनात

कैमोर में युवक नीलेश रजक की गोली मारकर हत्या के बाद पूरे इलाके में तनाव फैल गया है। स्थिति को काबू में रखने के लिए प्रशासन ने मोर्चा संभाल लिया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस महानिरीक्षक (IG) प्रमोद वर्मा दोपहर बाद कटनी पहुंचे, जबकि पुलिस उपमहानिरीक्षक (DIG) अतुल सिंह सुबह से ही कैमोर में मौजूद रहकर हालात पर बारीकी से नजर रख रहे हैं।पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और स्थानीय प्रशासन के साथ बैठक कर स्थिति का आकलन किया। सूत्रों के अनुसार, पूरे घटनाक्रम की विस्तृत समीक्षा की जा रही है और अधिकारियों ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए हैं।कैमोर और आसपास के इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। संवेदनशील इलाकों में गश्त बढ़ा दी गई है ताकि किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति को रोका जा सके।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण



**अमानगंज।** पन्ना कलेक्टर उषा परमार द्वारा बुधवार शाम 5 बजे से 6रू00 बजे के बीच अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर औचक निरीक्षण किया, तो इस दौरान कलेक्टर पन्ना ऊषा परमार के साथ तहसीलदार अमानगंज ममता मिश्रा, नायब तहसीलदार हेमंत अवधिया मौजूद रहे जिन्होंने पन्ना कलेक्टर के साथ अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थित एनआरसी एवं प्रसव कक्ष का निरीक्षण किया, साथ ही जरूरी यथा उचित निर्देश दिए गए। इसके बाद कलेक्टर पन्ना ने तहसील कार्यालय पहुंचकर जरूरी व्यवस्थाएं भी देखीं साथ ही आमजन से जुड़े सभी कार्यों को लेकर निर्देश दिए साथ ही सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों का तुरंत निराकरण करने की बात कही गई।

### विमल कुमार श्रीवास्तव सहायक समन्वयक पद पर पदस्थ

**अजयगढ़।** पन्ना जिले के जिला शिक्षा कार्यालय में विमल कुमार श्रीवास्तव जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पन्ना में समन्वयक में (आई टी सेल) में पदस्थ हैं। जबकि कुछ व्यक्तियों को भ्रम होने की वजह से विमल श्रीवास्तव को अटैचमेंट बताया गया है जो गलत है। वास्तव में जब इसकी पड़ताल की गई तो शिक्षक विमल कुमार श्रीवास्तव अटैचमेंट नहीं है पन्ना जिला शिक्षा कार्यालय में है। और साथ ही शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने भी बताया है कि शिक्षक विमल कुमार श्रीवास्तव के खिलाफ जो भी जानकारी फैलाई जा रही है वह गलत है। और साथ ही शिक्षक ने बताया है कि जो शासन के द्वारा मुझे कार्य करने के लिए निर्देश दिए गए हैं मैं पूरी ईमानदारी के साथ कर्तव्य का निर्वहन करता हूं।

### स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय जनकपुर में स्वच्छता कार्यक्रम संपन्न



**पन्ना।** श्रीराम शिक्षा प्रसार एवं ग्रामीण विकास समाजोत्थान समिति द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय पन्ना में स्वच्छ भारत अभियान के तहत आज दिनांक 28.10.2025 को स्वच्छता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समुदाय में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. सौरभ अग्रवाल के द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने परिसर एवं आस- पास के क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया तथा "स्वच्छ भारत दृ स्वस्थ भारत" के नारे लगाकर जनजागरण किया। महाविद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों को स्वच्छता का महत्व बताते हुए कहा कि स्वच्छ पर्यावरण ही स्वस्थ जीवन की कुंजी है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने निबंध, भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिता में भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमति ललिता प्रजापति ने किया तथा आभार प्रदर्शन श्रीमति वर्षा शर्मा जी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सभी संकाय सदस्य, छात्र-छात्राएँ एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### शशिकपूर गड़पाले बने नगर परिषद अमानगंज सीएमओ



**अमानगंज।** नगर परिषद अमानगंज के मुख्य नगरपालिका अधिकारी के रूप में शशिकपूर गड़पाले ने पदभार संभाला। उनका स्वागत फूल माला एवं रोरी तिलक से किया गया। ज्ञात हुआ है कि शशिकपूर गड़पाले को नगरीय प्रशासन द्वारा सीएमओ के रूप में नगर परिषद अमानगंज नियुक्त किया है। नगर परिषद अमानगंज अध्यक्ष श्रीमती सारिका खटीक ने उनको नपा अमानगंज में सीएमओ के रूप में जॉइनिंग दी और उनका स्वागत किया। जहां आज दिनांक 28 अक्टूबर 2025 को उन्होंने समाचार पत्र प्रतिनिधियों से मुलाकात की और इस दौरान चर्चा में उन्होंने कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता नगर में स्वच्छता को होगी जिसे हम अभियान के रूप में लेकर कार्य करेंगे

### युवा संगम मेला में 79 आवेदक चयनित



**पन्ना।** जिला रोजगार कार्यालय के तत्वाधान में मंगलवार को शासकीय आईटीआई पन्ना में संपन्न हुए एक दिवसीय युवा संगम मेला में चार कंपनियों में 79 आवेदकों का चयन किया गया है। जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के कुल 122 आवेदकों द्वारा मेले में पंजीयन कराया गया।

## हृदयाघात से एक की मौत, एक गंभीर मरीज भर्ती

# बड़बारा में उल्टी-दस्त की बीमारी पर काबू

**डॉ. अभिषेक जैन की तत्परता से गांव में सामान्य स्थिति, विधायक ने भोपाल से दिए निर्देश**

**स्वास्थ्य विभाग सतर्क, जन जागरूकता अभियान जारी**

देवेंद्रनगर तहसील के ग्राम बड़बारा में बीते कुछ दिनों से फैली उल्टी-दस्त की बीमारी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया था। हालांकि अब स्वास्थ्य विभाग की त्वरित कार्रवाई से स्थिति पूरी तरह काबू में आ गई है।

देवेंद्रनगर।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेंद्रनगर की टीम ने गांव में जाकर मरीजों की जांच की, दवाइयाँ वितरित कीं और प्रभावित क्षेत्रों में सफाई व शुद्ध पेयजल के लिए आगाह किया। मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक जैन ने विशेष निगरानी अभियान चलाया और गांव में लगातार ड्यूटी पर मेडिकल टीम तैनात की। उन्होंने बताया कि अब गांव में कोई नई शिकायत नहीं मिली है, और सभी मरीजों की हालत स्थिर है।

### हृदयाघात से एक की मौत, एक मरीज गंभीर

स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि एक वृद्ध व्यक्ति की मृत्यु हृदयाघात (हार्ट अटैक) के कारण हुई थी, न कि संक्रमण से। इसी तरह, एक अन्य मरीज भी कार्डियक अटैक के कारण उपचाररत है। गांव में फैल रही बीमारी से कोई जानलेवा स्थिति नहीं बनी है।

### विधायक ने भोपाल से दिए तत्काल निर्देश

जब यह जानकारी स्थानीय विधायक डॉक्टर राजेश वर्मा जी तक पहुंची, वे उस समय भोपाल में थे। उन्होंने तुरंत जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि बड़बारा गांव में सर्वोत्तम स्वास्थ्य सुविधाएँ सुनिश्चित की जाएँ। विधायक ने कहा कि "जनता की सुरक्षा सर्वोपरि है। आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त चिकित्सक और संसाधन तत्काल भेजे जाएँगे।" उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे भोपाल से लौटते ही बड़बारा का दौरा करेंगे।

### संवेदनशीलता और तत्परता ने संभाली स्थिति

बड़बारा की घटना ने यह सिद्ध किया है कि जब प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और जनप्रतिनिधि संवेदनशीलता से काम करते हैं, तो बीमारी जैसी स्थितियाँ भी जल्द काबू में आ जाती हैं। डॉ. अभिषेक जैन की निष्ठा और विधायक की सजगता ने जनहित में एक सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

### स्वास्थ्य विभाग की सक्रियता से टला संकट

गांव में तैनात स्वास्थ्यकर्मियों और पंचायत स्तर के सहयोग से बीमारी पर नियंत्रण पाया जा सका है। नालियों की सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति और दवा वितरण का कार्य सतत जारी है। डॉ. जैन ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे अफवाहों से दूर रहें और किसी भी स्वास्थ्य समस्या पर तुरंत स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें।



### भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती समारोह की तैयारियां जोरों पर

**पन्ना।** कुर्मी क्षत्रिय समाज इकाई अजयगढ़ के तत्वाधान में सुरेश कुमार पटेल अध्यक्ष जी के निवास पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारत रत्न लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह कार्यक्रम की तैयारी को लेकर अजयगढ़ ब्लॉक के सुरेश पटेल अध्यक्ष के निवास पर बैठक आयोजित की गई जिसमें हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भारत रत्न लौह पुरुष वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती समारोह का आयोजन गुनौर विधानसभा में 31 अक्टूबर 2025 को अखंड भारत के निर्माता भारत रत्न लौह पुरुष सरदार-वल्लभभाई-पटेल-जी की 150वीं जयंती राष्ट्रीय-एकता-दिवस के रूप में सरदार पटेल हायर सेकेंडरी स्कूल गुनौर में आयोजित की जा रही है जिसमें विशाल वाहन रैली एवं मंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया सुनिश्चित है अतः आप सभी प्रियजनों से आग्रह, अपने-अपने वाहन लेकर वाहन रैली में सम्मिलित हों। इसकी तैयारी को लेकर बिस्तार चर्चा की गई। सुबह 9 बजे माधौगंज चौक मे जयंती मनाकर गुनौर जायेगे। बैठक में मुख्य रूप से सुरेश पटेल अध्यक्ष सोखी लाल जमीदार कमलेश कुमार पटेल राममिलन पटेल झल्लू पटेल शिवनारायण पटेल श्रीकेश पटेल राम गोपाल पटेल रामेश्वर पटेल राम रूप पटेल गजराज प्रसाद पटेल रामदेव पटेल दीपक पटेल राजेश पटेल प्रमोद पटेल चंद्रपाल पटेल फौजी परशराम पटेल ओबीसी महासभा विधानसभा अध्यक्ष पन्ना सहित समाज बंधु शामिल रहे।

## छत्रसाल महाविद्यालय में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम का भव्य आयोजन

पन्ना।

जिले के अग्रणी महाविद्यालय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ.एस.डी. चतुर्वेदी, प्रशासनिक अधिकारी डॉ पी पी मिश्रा एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी डॉ. सचिन गोयल के नेतृत्व में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस डी चतुर्वेदी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना द्वारा किया गया। तत्पश्चात उपस्थित सभी अतिथियों का तिलक द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस डी चतुर्वेदी ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 19वीं शताब्दी के मध्य में, विलियम स्वीटजर




प्रथम व्यक्ति थे जिन्होंने ष्मानसिक स्वास्थ्यष को पहली बार स्पष्ट रूप से परिभाषित किया, जिसे सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के कार्यों के समकालीन दृष्टिकोण के अग्रदूत के रूप में देखा जा सकता है। मानसिक स्वास्थ्य मानसिक कल्याण की एक ऐसी स्थिति है जो लोगों को जीवन के तनावों का सामना करने, अपनी क्षमताओं को पहचानने, अच्छी तरह सीखने और काम करने, और अपने समुदाय में योगदान करने में सक्षम बनाती है। महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ पी पी मिश्रा ने मानसिक स्वास्थ्य को समझाते हुए बताया कि मानसिक स्वास्थ्य मानसिक कल्याण की एक ऐसी स्थिति है जो लोगों को जीवन के तनावों का सामना करने, अपनी क्षमताओं को पहचानने, अच्छी तरह सीखने और काम करने, और अपने समुदाय में योगदान करने में सक्षम बनाती है। भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ सचिन गोयल द्वारा संपूर्ण कार्यक्रम के कुशल संचालन एवं सफलता हेतु समस्त आयोजक प्राध्यापकों को धन्यवाद ज्ञापित किया एवं विद्यार्थियों को लगातार आगे बढ़ते रहने एवं मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। भारतीय ज्ञान परंपरा के सहसंयोजक श्री शुभम पाठक ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु समस्त प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों का आभार प्रदर्शित किया। संपूर्ण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ नंद कुमार पटेल, डॉ बी एन जायसवाल, डॉ प्रदीप कुमार रावत, डॉ पीयूषा शर्मा एवं समस्त कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहा एवं कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान द्वारा किया गया।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग में निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में दिए निर्देश

पन्ना।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा गत सोमवार को मध्यप्रदेश सहित 12 राज्य एवं केन्द्र शासित प्रदेशों में शुद्ध एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने के दृष्टिगत निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 का कार्यक्रम जारी किया गया है, जिसके तहत विभिन्न स्तर पर पुनरीक्षण कार्य में संलग्न अधिकारी-कर्मचारियों के प्रशिक्षण के साथ समयबद्ध रूप से विभिन्न कार्यवाहियां संपादित की जाएंगी। इस संबंध में बुधवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा एवं संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रामप्रताप सिंह जादौन द्वारा वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस मौके पर कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी व्हीसी कक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऊषा परमार सहित अपर



कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मधुवंतराव धुर्वे, समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, मास्टर ट्रेनर्स व निर्वाचन पर्यवेक्षक उमाशंकर दुबे भी उपस्थित रहे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन कर कार्य करें। आयोग के विभिन्न निर्देशों का अच्छी तरह भलीभांति अध्ययन कर लें। इस दौरान अवगत कराया गया कि भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट वोटर्स डॉट ईसीआई डॉट जीओव्ही डॉट इन पर जाकर कोई भी मतदाता 2003 की मतदाता सूची को देख सकता है। इसके अलावा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट पर भी मतदाता सूची उपलब्ध है। विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान बीएलओ तीन बार मतदाताओं के घर घर जाएंगे, यह सुनिश्चित करें। इसके साथ ही जो व्यक्ति एक जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहा है, वह भी मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकता है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म 6, हटवाने के लिए फॉर्म 7 और सुधार या संशोधन के लिए मतदाता को फॉर्म 8 भरना होगा। एनूमेरेशन फॉर्म भरने में यदि कोई व्यक्ति मिथ्या घोषणा करता है, तो जुर्माने या कारावास के लिए दंडनीय होगा। एसआईआर की प्रक्रिया 28 अक्टूबर से शुरू होकर 8 फरवरी 2026 तक चलेगी। इस बीच 3 नवम्बर तक बीएलओ को ट्रेनिंग दी जाएगी। 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक बीएलओ द्वारा घर घर जाकर सर्वे किया जाएगा। 9 दिसम्बर को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन होगा। 9 दिसम्बर से 8 जनवरी 2026 तक दावा आपत्तियों के आवेदन लिए जाएंगे। 9 दिसंबर से 31 जनवरी 2026 तक दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद 7 फरवरी 2026 को फाइनल मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। वीडियो कान्फ्रेंस में पुनरीक्षण संबंधी विभिन्न कार्यवाही और प्रक्रियाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।





### ज्वाला माता मंदिर में आयोजित रामायण पाठ का विशाल कन्याभोज भंडारे के साथ समापन, हजारों कन्याओं ने किया प्रसाद ग्रहण


**अमानगंज।** नगर के प्रसिद्ध स्थल मां ज्वाला माता मंदिर में मंगलवार को श्री रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया गया था। 24 घंटे के इस आयोजन के बाद बुधवार को मानस पाठ का समापन हुआ और इस दौरान विधि विधान से पूजा अर्चना करने के बाद सभी ने हवन यज्ञ में आहुति दी और देवी देवताओं को प्रसाद लगाने के बाद कन्या पूजन हुआ और नगर अमानगंज के सभी विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं सहित हजारों की संख्या में कन्याओं ने भंडारे में प्रसाद वितरित प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान छात्राओं ने मंदिर परिसर में बैठकर खीर पुरी का प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे का आयोजन बुधवार दोपहर 12:00 बजे से आयोजित हुआ जो देर शाम तक चलता रहा। यह धार्मिक आयोजन मंदिर समिति के सदस्य एवं धर्म प्रेमी बंधुओ के सहयोग से सम्पन्न किया गया है।

## भगवान राजराजेश्वर कलचुरी सम्राट सहस्त्रार्जुन जी का मनाया गया जन्मोत्सव



पवई।

भगवान राजराजेश्वर कलचुरी सम्राट सहस्त्रार्जुन जी का जन्मोत्सव पन्ना जिला की प्रशिद्ध है यह क्षत्रिय कलचुरी संवर्गीय सहस्त्रार्जुन समाज धर्मशाला पवई में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया सर्वप्रथम भगवान सहस्त्रार्जुन जी के चरणों मे दिपप्रज्वलित कर भगवान सहस्त्रार्जुन जी की आरती की गई, भगवान सहस्त्रार्जुन जी की कीर्ति वरिष्ठ लोगों द्वारा सभी स्वजनों को बताई गई एवं भोजन प्रसादी आये हुए सभी जनमानस को प्रदान की गई सभी स्वजनों से विशेष रूप से वरिष्ठ लोगों द्वारा समाज व धर्मशाला के विकास को लेकर सभी स्वजनों से चर्चाएं की गई एवं आने वाले समय मे भगवान सहस्त्रार्जुन जी का जन्मोत्सव जिले के हर तहसील में मनाए जाने के लिए सभी स्वजनों से सभी वरिष्ठजनों ने आग्रह किया इस कार्यक्रम में धर्मशाला अध्यक्ष श्री रामदुलारे जायसवाल पवई माधव जायसवाल पगरा, श्री घमंडी जायसवाल मुन्ना लाल जायसवाल रामकृपाल जायसवाल जीवालाल जायसवाल, रामाधीन जायसवाल, देवेंद्र जायसवाल मनोज जायसवाल पवई, बबलू राय एवं रामदास राय जी गुढ़ा श्रीकेश, सतपाल, मुकेश, जयराम राय, सुब्बी जायसवाल करिया, दीपक भागचंद, महेश, विजय, पंकज, बृजलाल राय सिमरिया, भोलू, सर्वेन्द्र राय लुधनी, एवं बहुत बड़ी संख्या में स्वजतीय बंधू एवं मातृशक्ति उपस्थित रही सभी स्वजतीय बंधुओं का आभार धन्यवाद भगवत जायसवाल, प्रवीण जायसवाल एवं सुश्री संगीता जायसवाल ने माना।



### टाउन हॉल में पीएम आवास मेला 31 अक्टूबर को

**पन्ना।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत पन्ना नगर के जगन्नाथ स्वामी टाउन हॉल में शुक्रवार, 31 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक पीएम आवास मेला लगाया जाएगा। इस मौके पर विभिन्न कार्यक्रम और गतिविधियां भी संपादित की जाएंगी, जिसके तहत लोन मेला के शिविर में बैंक से होम लोन सुविधा, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, हेल्थ एवं आयुष्मान कैम्प, उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत व स्वनिधि योजना के स्टॉल सहित आवेदन और दस्तावेज सत्यापन की सुविधा भी एक स्थल पर मिल सकेगी। इसके अलावा पौधरोपण और नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा क्विज प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। सेल्फी बूथ और फूड स्टॉल भी लगाए जाएंगे। कलेक्टर ऊषा परमार ने पीएम आवास मेला शहरी अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, कार्यपालन यंत्री ऊर्जा विभाग, मुख्य प्रबंधक लीड बैंक, जिला आपूर्ति अधिकारी तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी पन्ना को आवश्यक दायित्व सौंपे हैं।

## सुबह 9 बजे माधौनगर अमानगंज में स्वच्छता अभियान जोरों पर, शाम के समय भी सफाई कर्मियों ने नगर में की साफ- सफाई



अमानगंज।

नगर अमानगंज फेलियर व्यवस्था एवं गंदगी के अंबार से जनता परेशान थी और लगातार शिकायत कर रही थी जिसको लेकर नगर परिषद अब एक्टिव मोड पर नजर आ रही है और नगर परिषद के कर्मचारी हाथों में झाड़ू लेकर सुबह शाम देखे जा रहे हैं। जहां शाम को नगर परिषद के कर्मचारी हाथों में झाड़ू लेकर नगर के बीच मार्गों पर साफ सफाई करते नजर आए। दरअसल सुबह साफ सफाई के बाद शाम के लगभग 7 से 8 बजे के बीच जब बाजार खुला था तब नगर परिषद के कर्मचारी साफ सफाई करते रहे जिसको देखकर लोग अचंभित हो गए वही इस विषय को लेकर जब सफाई दरोगा काशीराम वाल्मीकि से बात की गई उन्होंने बताया कि नये सीएमओ शशि कपूर गढ़पाली एवं नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सारिका खटीक के निर्देशन पर यह साफ सफाई की जा रही है, ताकि नगर को साफ और स्वच्छ बनाया जा सके। वही हाल ही में सफाई दरोगा का प्रभार लेने वाले काशीराम बाल्मिक ने सभी से अपील की है कि सभी लोग अपनी दुकानों एवं प्रतिष्ठानों के बहार डस्टबिन में रखें ताकि नगर में गंदगी ना फैले और नगर को साफ और स्वच्छ बनाया जा सके।गंज चौक मे जयंती मनाकर गुनौर जायेगे।

## खबर संक्षेप

### पूर्व सरपंच कैलाश यादव हत्याकांड में तीन आरोपियों को आजीवन कारावास

**छतरपुर।** चर्चित पूर्व सरपंच कैलाश यादव हत्याकांड में अदालत ने बुधवार को बड़ा फैसला सुनाया है। प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश आशीष श्रीवास्तव की अदालत ने आरोपी ऋषि मिश्रा, मुलायम यादव और सतेंद्र सिंह ठाकुर को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही तीनों आरोपियों पर दस-दस हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। यह मामला वर्ष 2023 में कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत फोरलेन महोबा बाईपास से पन्ना रोड पर हुई पूर्व सरपंच कैलाश यादव की हत्या से संबंधित है। जांच के दौरान यह सामने आया था कि हत्या ऋषि मिश्रा की लाइसेंसी पिस्टल से की गई थी। मामले की सुनवाई के दौरान मृतक के परिवार के कुछ सदस्यों ने अपने बयान पलट दिए थे, इसके बावजूद अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों और सबूतों के आधार पर अदालत ने तीनों आरोपियों को दोषी करार दिया। न्यायालय के इस फैसले के बाद लंबे समय से न्याय की उम्मीद लगाए बैठे मृतक के परिजनों ने राहत की सांस ली है।

### शासकीय महाविद्यालय बड़ामलहरा में भारतीय ज्ञान परंपरा पर राष्ट्रीय वेबिनार संपन्न

**छतरपुर।** उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय बड़ामलहरा में आज एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का सफल आयोजन किया गया। वेबिनार का विषय भारतीय ज्ञान परंपरा विविध संदर्भ रखा गया था। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक अतिरिक्त संचालक सागर संभाग डॉ. नीरज दुबे रहे, जबकि संरक्षक के रूप में प्रो. अंकुर तिवारी तथा वेबिनार संयोजक के रूप में प्रो. पिंकी असाटी रहीं। वेबिनार के प्रथम प्रमुख वक्ता रहे डॉ. कैलाश विश्वकर्मा, पूर्व प्राचार्य, ब्रह्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय राठ, हमीरपुर (उत्तर प्रदेश), जो भौतिक विज्ञान एवं वैदिक गणित के विद्वान हैं। वहीं द्वितीय मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. नृपेंद्र वीर सिंह, दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय, गया (बिहार) ने अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की सलाहकार समिति में डॉ. दीपा जौहरी (सेवानिवृत्त प्राध्यापक, भूगोल, उच्च शिक्षा उत्कृष्ट संस्थान भोपाल), डॉ. कृष्णा शुक्ला (से.नि. प्राध्यापक, छतरपुर), डॉ. बी.सी. जाट (शास. महाविद्यालय कलखेड़ा, जयपुर), डॉ. राजबहादुर अनुरागी (डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर) तथा डॉ. अरुणेंद्र पटेल (अमर वीरांगना रानी दुर्गावती महाविद्यालय, तेंदूखेड़ा) शामिल रहे। आयोजन समिति में डॉ. राजेंद्र दीक्षित, डॉ. रीता बुंदेला, डॉ. अरविंद सिंह यादव, डॉ. राजकुमार अहिरवार, डॉ. धनीराम अहिरवार, डॉ. नवल किशोर रजक, ज्योति पटेल एवं कार्तिक वैद्य रहे। वहीं तकनीकी समिति में श्री विवेक आर्य (क्रीड़ा अधिकारी) एवं अरविंद राजपूत (कंप्यूटर ऑपरेटर) ने तकनीकी सहयोग दिया। इस राष्ट्रीय वेबिनार में देश के विभिन्न राज्यों से प्राध्यापकों, सहायक प्राध्यापकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के अंत में डॉ. रीता बुंदेला ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# आरएसएस पर अभद्र टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

**छतरपुर। शहर के पंडित बाबूराम चतुर्वेदी स्टेडियम के बाहर स्थित हॉकी ग्राउंड में आरएसएस की शाखा समापन के बाद अभद्रता और धमकी देने का मामला सामने आया है। इस घटना को लेकर पुलिस थाना सिविल लाइन में फरियादी अरविंद मिश्रा पिता रामस्वरूप मिश्रा (उम्र 37 वर्ष) निवासी नरसिंहगढ़ पुरवा छतरपुर ने आरोपी फरहान निजामी पिता इकबाल खान निवासी नया मोहल्ला चौराहा के पास छतरपुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।**



प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी अरविंद मिश्रा जो आरएसएस संघ में शाखा मुख्य शिक्षक के रूप में जुड़े हैं, ने बताया कि बुधवार की सुबह करीब 7:45 से 8:00 बजे के बीच शाखा समापन के उपरांत सभी स्वयंसेवक अपने-अपने घर जा रहे थे तभी आरोपी फरहान निजामी मौके पर पहुंचा और बिना किसी कारण आरएसएस कार्यकर्ताओं के साथ अश्लील गालियां देने लगा। आरोप है कि फरहान ने संघ के स्वयंसेवकों को जान से मारने की धमकी दी और कहा कि हमारा समय आने पर संघ का नामोनिशान मिटा देंगे। इतना ही नहीं उसने इस दौरान घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। जब स्वयंसेवकों ने उसे रोकने की कोशिश की तो फरहान ने अपनी जेब से कट्टा निकालकर लहराया और मौके से भाग गया। घटना के समय आरएसएस स्वयंसेवक आशीष पटैरिया, प्रांजल खरे, कुलदीप परिहार और अंकित विश्वकर्मा भी मौजूद थे। फरियादी के आवेदन पर थाना सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी फरहान निजामी के खिलाफ धारा 296, 353(2) बीएनएस और 67 आईटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

**इनका कहना है -**

एक संगठन विशेष अपमानजनक, अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए एक वीडियो संज्ञान में आया है। आरोपी के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। आगे वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**अरूण कुमार सोनी, सीएसपी, छतरपुर**

## नौगांव थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे ने महिलाओं से किया जनसंवाद



### महिला सशक्तिकरण एवं साइबर अपराध पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नौगांव।** बुधवार को नौगांव थाना परिसर में महिला संवाद एवं महिलाओं को जागरूक करने कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंची जहां साइबर फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया से बचाव करने महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। मिली जानकारी के अनुसार नौगांव थाना में छतरपुर पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण एवं साइबर अपराध के प्रति जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी ने उपस्थित महिलाओं से संवाद करते हुए उन्हें ऑनलाइन ठगी, साइबर फ्रॉड, सोशल मीडिया पर होने वाले अपराधों से बचाव के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि महिलाएँ यदि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी या साइबर उत्पीड़न की शिकार होती हैं तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या नजदीकी थाने में सूचना दें। इसके साथ ही उन्होंने महिलाओं को अपने अधिकारों, आत्मरक्षा के महत्व और पुलिस सहायता के विभिन्न माध्यमों के बारे में भी विस्तार से बताया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएँ, समाजसेवी उपस्थित रहीं। पुलिस टीम ने "आपकी सुरक्षा, हमारी जिम्मेदारी" संदेश के साथ महिलाओं को जागरूक रहने और दूसरों को भी जागरूक करने का आह्वान किया।

**कलेक्टर ने ग्राम वीरों की शाला में बच्चों को गुणनखंड करना सिखाया**

## शिक्षक अभिभावकों से संपर्क कर शाला में छात्रों की उपस्थिति बढ़ाएं: कलेक्टर

**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने मंगलवार को बड़ामलहरा अंतर्गत ग्राम वीरों के शासकीय माध्यमिक शाला का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया, एसडीएम आयुष जैन, जनपद सीईओ ईश्वर सिंह वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।
कलेक्टर श्री जैसवाल ने शाला में शिक्षकों की सार्थक ऐप पर एवं बच्चों की उपस्थिति रजिस्टर में उपस्थिति जांची। शाला में छात्रों की संख्या अत्यंत न्यून होने पर नाराजगी व्यक्त की और छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए शिक्षकों को छात्रों के अभिभावकों से संपर्क स्थापित करने के निर्देश दिए और



उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कक्षा 7वीं एवं 8वीं के छात्रों के साथ संवाद भी स्थापित किया और उनको मिलने वाले मध्याह्न भोजन एवं गणवेश के पैसे प्राप्त हो रहे या नहीं इसके बारे में छात्रों से पूछा। जिसमें छात्रों द्वारा बताया गया कि 600 रुपए खातों में गणवेश हेतु प्राप्त हो रहे है। कलेक्टर ने शिक्षकों से कहा कि छात्र शाला में ड्रेस पहनकर आएं। साथ ही कलेक्टर ने कक्षा 7 वीं के छात्र राजाराम लोधी से बात करते हुए उन्हें गुणनखंड करना सिखाया और कक्षा 8 वीं को छात्र सरोज रजक से आकाश का पर्यायवाची, छात्र ज्योति आदिवासी से अश्व का पर्यायवाची पूछा।

## दबंगों ने दलित महिला के घर घुसकर की मारपीट, पुलिस ने किया मामला दर्ज

**सटई। थाना सटई क्षेत्र के ग्राम नंदगाय बट्टयन में दबंगों द्वारा एक दलित किसान महिला के साथ गाली-गलौज और मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है।**
पीड़िता ने पुलिस थाने पहुंचकर अपने साथ हुई घटना की पूरी आपबीती सुनाई।दलित महिला भारती अहिरवार ने बताया कि बीती शाम गांव के ही दबंग सत्यजीत यादव और पुष्पा यादव मेरे घर में



जबरन घुस आए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। इस दौरान उन्होंने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता के पति छन्नू अहिरवार ने बताया कि घटना के समय वह खेत पर थे। शाम को घर आने पर पत्नी से पूरी घटना की जानकारी मिली।
उन्होंने बताया कि दबंगों द्वारा उनकी पत्नी के साथ न केवल अभद्रता की गई, बल्कि जातिगत टिप्पणी करते हुए अपमानित भी किया गया। छन्नू अहिरवार ने सटई थाने पहुंचकर लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई और शासन से आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। थाना प्रभारी रूपनारायण पटैरिया ने बताया कि महिला के कथन के आधार पर आरोपियों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

## खजुराहो की शांति और संस्कृति पर मंडराया खतरा, महिलाओं ने संभाली कमान



### सामाजिक संस्थाओं ने एकजुट होकर जताई गहरी चिंता

**खजुराहो।** प्राचीन भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक शांति और प्राकृतिक सौंदर्य की धरती खजुराहो आज एक नई चुनौती के सामने खड़ी है। इसी विषय पर मतँगेश्वर सेवा समिति, दद्दा जी इंटरनेशनल कल्चर सेंटर और खजुराहो डेवलपमेंट एसोसिएशन के पंडित सुधीर शर्मा के तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, यह बैठक माता मंदिर के सामने स्थित वुड कैफ़े रेस्टोरेंट में सम्पन्न हुई।
बैठक में खजुराहो, पन्ना, छतरपुर और लवकुशनगर क्षेत्र से आए समाजसेवियों के साथ बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। सभी का उद्देश्य था — खजुराहो की सांस्कृतिक आत्मा और पर्यावरणीय संतुलन की रक्षा करना। मुख्य चर्चा का विषय खजुराहो में प्रस्तावित मिलिट्री एयर बेस रहा। पंडित शर्मा ने बताया कि खजुराहो की पहचान इसकी शांति, आध्यात्मिकता और चंदेलकालीन भव्य मंदिरों से है। यदि यहाँ सैन्य एयर बेस स्थापित हुआ, तो यह न केवल पर्यावरण और वन्यजीवों को प्रभावित करेगा, बल्कि अंतरराष्ट्रीय पर्यटन पर भी गंभीर असर डालेगा।
उन्होंने कहा कि खजुराहो का सौम्य वातावरण, जो दुनिया भर से आने वाले पर्यटकों को आकर्षित करता है, सैन्य विमानों की गतिविधियों से नष्ट हो जाएगा। सभी उपस्थित समाजसेवियों ने एक स्वर में सुझाव दिया कि खजुराहो में ऐसी योजनाएँ लाई जानी चाहिए जो इसकी मौलिकता, मंदिरों की गरिमा और पर्यावरण की पवित्रता को बनाए रखें। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बेगलेस स्कूल की संचालिका श्रीमती वर्षा चतुर्वेदी, स्वतंत्रता सेनानी की पोत्री श्रीमती सिम्मी अवस्थी तथा विशिष्ट अतिथि श्रीमती अनीता ओस्माण्ड उपस्थित रहीं। इसके अतिरिक्त समाजसेवी शिवि खरे, मीना अनुरागी, इरा खान, हरीश लवानिया, विकास चतुर्वेदी, गुड्डू तिवारी (पन्ना), डॉ. शिवपूजन अवस्थी (लवकुशनगर), गणेश भाई कुण्डिया (गुजरात), श्रीमती रश्मि जैन, श्रीमती रजनी मिश्रा, और आकांक्षा शर्मा (छतरपुर) होटल एसोसिएशन, हैंडीक्राफ्ट उद्योग, ब्रह्मकुमारी संगठन और जैन समाज के प्रतिनिधि सहित अनेक प्रतिष्ठित नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम के उपरांत सभी लोगों ने मतँगेश्वर महादेव के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया समिति के सदस्यों ने पन्ना में आयोजित मुरारी बापू की कथा में पहुंचकर बापू को इस समस्या के बारे में अवगत कराया तब उन्होंने सदस्यों को अयोध्या में आकर मिलने को कहा जल्द ही इस समस्या का निवारण होगा

## थाना परिसर में महिला जागरूकता अभियान के तहत हुई बैठक महिलाओं को बताए गए अधिकार और सुरक्षा के उपाय

**लवकुशनगर।** थाना परिसर में मंगलवार को महिला जागरूकता अभियान के तहत एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं से जनसंवाद करते हुए उन्हें कानूनी जानकारी दी और बताया कि वे किस तरह से अपने अधिकारों की रक्षा कर आत्मनिर्भर बन सकती हैं।बैठक में एसडीओपी नवीन दुबे ने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा चलाया जा रहा महिला जागरूकता अभियान महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और आत्मविश्वास प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि महिलाएं अपने कानूनी अधिकारों की जानकारी रखें और किसी भी प्रकार के उत्पीडऩ, छेड़छाड़, या घरेलू हिंसा की स्थिति में तुरंत शिकायत करें।कार्यक्रम में बताया गया कि थाना स्तर पर एक व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया गया है, जिसके माध्यम से अवैध गतिविधियों, साइबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट और महिलाओं से संबंधित अपराधों की सूचना तुरंत दी जा सकेगी।



साथ ही महिला हेल्पलाइन 1090, डायल 112 और 181 के उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि 1090 पर की गई शिकायत पूरी तरह गोपनीय रखी जाती है, जिसे महिला अधिकारी ही सुनती हैं और संबंधित थाने को कार्रवाई के लिए भेजा जाता है। कार्यक्रम में थाना प्रभारी अजय अंबे, पठा चौकी प्रभारी श्याम बैन, एसआई ज्ञान सिंह, प्रधान आरक्षक अनीस खान, रामकृपाल वर्मा, बलराम, देव सिंह, हृदेश नायक, सुरज शर्मा और मंगल यादव सहित पुलिस विभाग के कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस जनजागरण बैठक के माध्यम से महिलाओं को न केवल आत्मरक्षा और कानूनी सहायता के बारे में जानकारी दी गई, बल्कि उन्हें समाज में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में आगे बढऩे का संदेश भी दिया गया।

## महिलाओं के साथ पुलिस ने किया जनसंवाद, सुरक्षा और जागरूकता पर दी अहम जानकारी



बमीठा। पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देश पर बमीठा थाना परिसर में महिलाओं का जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी आशुतोष श्रोत्रिय ने उपस्थित महिलाओं से संवाद करते हुए कहा कि मोबाइल और साइबर अपराधों से बचाव के लिए जागरूक रहना बेहद जरूरी है। उन्होंने महिलाओं को समझाया कि अपने बच्चों पर मोबाइल उपयोग को लेकर निगरानी रखें, ताकि वे गलत दिशा में न जाएं। थाना प्रभारी ने कहा कि 13 से 20 वर्ष तक के बच्चों पर विशेष ध्यान रखें, क्योंकि यही उम्र सही मार्गदर्शन की मांग करती है। जनसंवाद में चोरी की वारदातों से सतर्क रहने की भी अपील की गई। श्रोत्रिय ने कहा कि अपने कीमती जेवर या नगदी को सुरक्षित स्थान पर रखें और सतर्क रहकर सोएं। कार्यक्रम में गांवों से आई महिलाओं को पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के मोबाइल नंबर भी उपलब्ध कराए गए, ताकि किसी भी घटना या संदिग्ध गतिविधि की सूचना सीधे पुलिस को दी जा सके। पुलिस की इस पहल को महिलाओं ने सराहा और कहा कि इस तरह के जनसंवाद कार्यक्रमों से सुरक्षा और आत्मविश्वास दोनों बढ़ते हैं।

## बुंदेलखंड की परंपरा से झूम उठा बौड़ा गांव, दिवारी और मोनिया नृत्य में दिखी सांस्कृतिक शान



**ईशानगर।** दीपावली पर्व पर ईशानगर क्षेत्र के ग्राम बौड़ा में बुंदेलखंड की परंपरागत दिवारी एवं मोनिया नृत्य का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मंगलवार को करधैयाँ सरकार मंदिर परिसर में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर महामंडलेश्वर दीनबंधु दास महाराज ने कहा कि दिवारी और मोनिया नृत्य केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि बुंदेलखंड की वीरता, लोकजीवन और सांस्कृतिक विरासत की जीवंत झलक है। उन्होंने कहा कि ऐसी लोक परंपराएँ हमारे समाज की जड़ों को मजबूत करती हैं और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ती हैं। कार्यक्रम में ग्राम पठादा से आए रंगी मोनिया मंडल के कलाकारों ने करधैयाँ सरकार मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और फिर ढोलक की थाप एवं लाठियों की टकराहट के बीच पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किया। कलाकारों के जोश और समर्पण से पूरा वातावरण गूंज उठा। युवाओं ने पारंपरिक युद्ध कौशल का भी प्रदर्शन किया, जिसे देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे। इस अवसर पर सीताराम यादव, गीता यादव, नोनी बाई यादव, आशा सिंह, नथ्थू यादव, मखन चदर, किशोरा चढ़ार, जगदीस यादव, रेंजद चढ़ार, बालकिशुन पाल, ठाकुर दास यादव, नंदू प्रजापति, आशा यादव माते सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## अंडर-15 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट में पूल बी का दूसरा मुकाबला जारी

### 47 रनों पर ढेर हुई दमोह, पहले दिन निवाड़ी ने 6 विकेट गंवाकर बनाए 134 रन

**छतरपुर।** शहर के पेप्टेक टाउन स्थित खेल मैदान में मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन और सागर डिविजन क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में जिला छतरपुर क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अंडर-15 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पूल-बी का दूसरा मुकाबला बुधवार को निवाड़ी और दमोह के बीच खेला गया। जिसमें निवाड़ी ने टॉस जीतकर दमोह को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। पहले दिन के खेल में दमोह की टीम सिर्फ 47 रनों पर ऑलआउट हो गई तो वहीं निवाड़ी की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए पहले दिन का खेल खत्म होने तक 6 विकेट पर 134 रन बना लिए हैं। डिस्ट्रिक्ट छतरपुर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय चौरसिया ने बताया की बुधवार की सुबह निवाड़ी और दमोह के बीच मुकाबले की शुरुआत हुई। निवाड़ी ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी दमोह की टीम के शुभ ठाकुर 18 रन के अलावा कोई भी बल्लेबाज क्रीज पर खड़ा नहीं रह सका और पूरी टीम 25 ओवर में 47 रन पर ऑलआउट हो गई। निवाड़ी टीम के बॉलर अंकुल अहिरवार एवं अब्दुल मजीद ने 3-3 विकेट एवं सोहम सरकार ने 2 विकेट लिए। पहली पारी में लक्ष्य का पीछा करने उतरी निवाड़ी की टीम के बल्लेबाज जतिन अहिरवार ने 52, रितविक दिनकर के 33 रन की बदौलत पहले दिन का खेल खत्म होने तक 75 ओवर में 6 विकेट पर 134 रन बना लिए हैं। निवाड़ी की टीम ने दमोह के विरुद्ध 87 रन की बढ़त हासिल कर ली है। दमोह की ओर से गेंदबाज शौर्य आठ्या एवं आयुष गोयल ने 2-2 विकेट चटकाए हैं।



## खबर संक्षेप

### रीवा में सियासी बवंडर, पैसों के लेनदेन और अपहरण के आरोपों से मचा हड़कंप

**रीवा ।** सेमरिया क्षेत्र के भाजपा नेता दिवाकर द्विवेदी का नाम इन दिनों एक सनसनीखेज प्रकरण को लेकर सुर्खियों में है। पैसों के लेनदेन से शुरू हुआ विवाद अब अपहरण, फिरौती और आपत्तिजनक वीडियो बनाने के आरोपों तक पहुंच गया है। पूरा मामला सोमवार सुबह का बताया जा रहा है, जब दिवाकर द्विवेदी को कथित रूप से एक फोर-व्हीलर में सवार आधा दर्जन लोगों ने जबरन उठा लिया और उन्हें जंगल में ले जाकर बंधक बना लिया। जानकारी के मुताबिक, आरोपियों ने भाजपा नेता के साथ जंगल में उनका वीडियो रिकॉर्ड किया और एक करोड़ रुपये की मांग की। द्विवेदी ने बताया कि आरोपियों ने उन पर बंदूक तानते हुए हवाई फायरिंग की और जबरन एक वीडियो शूट किया जिसमें वे एक महिला के साथ गलत हरकत स्वीकार करते हुए और माफी मांगते हुए नजर आ रहे हैं। इसके बाद किसी तरह मौका पाकर भाजपा नेता ने वहां से निकलकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कुछ युवकों को हिरासत में लिया और दोनों पक्षों को चौकी लाकर पूछताछ शुरू की। वही इस प्रकरण ने तब और तूल पकड़ लिया जब दूसरे पक्ष से एक महिला ने भाजपा नेता पर गंभीर आरोप लगाए। जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है जिसमे महिला ने बताया कि नेता उसे जंगल जबरदस्ती दुष्कर्म किए है, घटना से जुड़े कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं, जिन्हें पुलिस ने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

**भाजपा नेता की सफाईः सहयोगी प्रतीक सिंह पर रची साजिश का आरोप**

मामले के बाद भाजपा नेता दिवाकर द्विवेदी ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर अपना पक्ष रखा। द्विवेदी ने आरोप लगाया कि यह पूरी साजिश उनके साथ काम करने वाले प्रतीक सिंह ने रची है। उन्होंने कहा प्रतीक सिंह ने मुझे जमीन दिखाने के बहाने बुलाया। रास्ते में उसने पहले से मौजूद युवती और अन्य लोगों को गाड़ी में बैठाया और जंगल की ओर ले गया। वहां उन्होंने बंदूक की नोक पर वीडियो शूट किया और मुझसे एक करोड़ रुपये मांगे। द्विवेदी ने आगे कहा कि उनके सर पर बंदूक रखकर हवाई फायरिंग की गई, और फिर उन्हें उनकी ही गाड़ी में वीडियो रिकॉर्ड करने के लिए मजबूर किया गया, जिसमें वे गलती मानते हुए माफी मांगते दिख रहे हैं।रीवा पुलिस ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि दिवाकर द्विवेदी के पक्ष से विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर बयान दर्ज किए जा रहे हैं, और वायरल वीडियो की फॉरेंसिक जांच कराई जाएगी। पुलिस का कहना है कि फिलहाल किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। मामले की जांच हर एंगल से की जा रही है। वीडियो और ऑडियो क्लिप्स को जब्त कर तकनीकी जांच के लिए भेजा गया है। भाजपा नेता से जुड़े इस प्रकरण ने स्थानीय राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है। घटना के बाद क्षेत्र में अफवाहों का बाजार गर्म है। वहीं विपक्षी दलों ने भी इस पूरे मामले की पारदर्शी जांच की मांग की है।

### राष्ट्रीय एकता दिवस पर पुलिस थानों में एकता दौड़ का होगा आयोजन

**रीवा ।** सरदार बल्लभभाई पटेल के 150वें जन्म उत्सव राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर प्रत्येक पुलिस थाने में एकता दौड़ का आयोजन किया जायेगा। राष्ट्रीय एकता का संदेश देने के लिए यह दौड़ सुबह 8 बजे से आयोजित होगी। दौड़ में युवाओं, खिलाड़ियों, नगर एवं ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों, स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थियों, एनसीसी व एनएसएस के कैडेट्स, श्रृजन समूह की बालिकाऐं अभिमन्यु सामुदायिक पुलिस के बालक, पुलिस कर्मी एवं विशेष सशस्त्र बल के पुलिस कर्मी दौड़ में भाग लेंगे।

### प्रदेश में रीवा संभाग ई ऑफिस में प्रथम स्थान पर

**रीवा ।** प्रशासनिक कार्यों की गतिशीलता बढ़ाने और फाइलों के त्वरित मूवमेंट के लिए ई ऑफिस प्रणाली लागू की गई है। इसमें प्रदेश स्तर, संभाग स्तर और जिला स्तर के कार्यालय शामिल हैं। अब सभी फाइलों और पत्रों का मूवमेंट ई ऑफिस के माध्यम से होता है। ई ऑफिस प्रणाली में रीवा संभाग 29 अक्टूबर को प्रदेश में पहले स्थान पर पहुंच गया है। रीवा संभाग में 6613 फाइल क्रिएट की गईं तथा 27249 फाइलों का मूवमेंट हुआ। दूसरे स्थान पर नर्मदापुरम संभाग है। जिसमें 3918 फाइलें क्रिएट की गईं तथा 27232 फाइलों का मूवमेंट हुआ। कमिश्नर बीएस जामोद ने सभी संभागीय अधिकारियों को ई ऑफिस में रीवा संभाग को प्रथम स्थान पर पहुंचाने के लिए बधाई दी है। कमिश्नर ने कहा है कि सभी पत्रों और फाइलों का मूवमेंट ई ऑफिस के माध्यम से ही करें। इसमें समय और परिश्रम दोनों की बचत होती है। सभी अधिकारी ई ऑफिस प्रणाली में स्वयं दक्षता प्राप्त कर लें जिससे कार्यालयीन समय के बाद भी फाइलों पर कार्य किया जा सके।

## बीएलओ ऐप में मतदाताओं की जानकारी अपडेट कराने के निर्देश

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से दिया मतदाता सूची पुनरीक्षण का प्रशिक्षण



**रीवा ।** जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने जिला निर्वाचन अधिकारी तथा रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का प्रशिक्षण दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी सभी बीएलओ और रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को मतदाता सूची पुनरीक्षण का प्रशिक्षण दें। बीएलओ ऐप में मतदाताओं से जुड़ी जानकारी अपडेट कराएं। वर्ष 2003 में गहन पुनरीक्षण के आधार पर मतदाता सूची तैयार की गई थी। यह सूची निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। बीएलओ 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर की अवधि में घर-घर जाकर प्रत्येक मतदाता की जानकारी गणना पत्रक में दर्ज करें। गणना पत्रक की एक प्रति मतदाता को प्रदान करें। गणना पत्रक में मतदाता से जुड़ी अन्य जानकारियाँ दर्ज हैं। इसके आधार पर मतदाता का सत्यापन करें। मतदाता के माता, पिता अथवा अन्य निकट संबंधी का नाम यदि वर्ष 2003 की मतदाता सूची में दर्ज है तो उसे बीएलओ उसे प्रमाणित कर दें। श्री झा ने कहा कि गणना पत्रक पूरी सावधानी से भरें। वर्ष 2003 के डाटा तथा वर्तमान मतदाता सूची की तुलना करने पर लगभग 90 प्रतिशत मतदाताओं का सत्यापन हो जाएगा। इसके बाद बीएलओ मृत मतदाता, शिफ्टेड तथा डुप्लीकेट मतदाता का चिन्हांकन करें। मतदाता अथवा उसके परिवार के किसी सदस्य का नाम यदि देश के किसी भी मतदान केन्द्र की मतदाता सूची में दर्ज है तो उसका सत्यापन हो जाएगा। जिनका सत्यापन नहीं हो पाएगा उनके लिए 12 तरह के दस्तावेज निर्धारित किए गए हैं। कलेक्टर इस बात को सुनिश्चित करें कि बीएलओ कम से कम तीन बार प्रत्येक घर का भ्रमण करके गणना पत्रक भरवाएं और बीएलओ ऐप में अपलोड करें। मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के संबंध में यदि कोई शिकायत मिलती है तो उसका तत्काल परीक्षण कराकर सही तथ्य संचार माध्यमों से आमजनता तक पहुंचाएं। मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण की पूरी प्रक्रिया का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। सभी आरओ और एआरओ गहन पुनरीक्षण के संबंध में दिए गए निर्देशों का भलीभांति अध्ययन करके तय समय सीमा में पुनरीक्षण का कार्य पूरा कराएं। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि गणना पत्रक के आधार पर प्रत्येक मतदाता का सत्यापन किया जाएगा। जिन मतदाताओं का सत्यापन नहीं होगा उनका नाम मतदाता सूची से पृथक किया जाएगा। गहन पुनरीक्षण की अवधि में यदि एक जनवरी 2026 को 18 साल की आयु पूरा करने वाले युवा फार्म 6 में नाम जोड़ने के लिए आवेदन करते हैं तो उसे भी बीएलओ शामिल करें। कलेक्टर आगामी तीन महीनों तक गहन पुनरीक्षण का कार्य मिशन मोड में कराएं। कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर बेक, सभी एसडीएम, तहसीलदार तथा मास्टर ट्रेनर बैठक में उपस्थित रहे।

## किसानों को नरवाई प्रबंधन और प्राकृतिक खेती के लिए किया जा रहा जागरूक

**रीवा ।** धान की फसल की कटाई होने के बाद गेंहू की फसल की बुवाई के लिए किसान को खेत से नरवाई हटाना आवश्यक है। रीवा और मऊगंज जिलों में नरवाई जलाने पर प्रतिबंध है। फिर भी कई किसान अनजाने में नरवाई जला देते हैं। कृषि विभाग द्वारा किसानों को नरवाई के उचित प्रबंधन और प्राकृतिक खेती के लिए लगातार जागरूक किया जा रहा है। उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि ग्राम बेलवा कुर्मियान तथा बेलवा बड़गैयान में आयोजित बैठक में किसानों को नरवाई प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया। रीवा विकासखण्ड के खजुहाकला ग्राम के किसानों ने नरवाई न जलाने की शपथ ली। प्रशिक्षण देते हुए वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी ने बताया कि नरवाई जलाने से मिट्टी की उर्वरा क्षमता नष्ट होती है। फसल और मिट्टी के लिए लाभकारी कई सूक्ष्मजीव नरवाई जलाने से नष्ट हो जाते हैं। किसान सुपर सीडर के माध्यम से नरवाई की समस्या का निदान सरलता से पा सकते हैं। सुपर सीडर फसल अवशेष नरवाई को मिट्टी में मिलाकर खाद बना देता है। इसके उपयोग से खेत की जुताई की आवश्यकता नहीं होती है। किसान नरवाई नष्ट करने और फसल की बोनी का कार्य एक साथ कर सकते हैं। किसानों को प्राकृतिक खेती की जानकारी देते हुए फसल में कीट प्रबंधन तथा उत्पादन बढ़ाने के लिए जीवामृत, बीजामृत और घन जीवामृत के निर्माण और उपयोग की जानकारी दी गई। किसानों को डीएपी के स्थान पर यूरिया और सिंगल सुपर फास्फेट खाद के संतुलित उपयोग के लिए जागरूक किया गया। किसानों को धान उपार्जन की प्रक्रिया तथा गेंहू एवं चने की उन्नत किस्मों की भी जानकारी दी गई। बैठक में किसानों को नरवाई न जलाने की शपथ दिलाई गई। ग्राम खजुहा कला में भी किसानों को नरवाई प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में एसएडीओ गंगेव शिवशरण सरल, बीटीएम दीपक श्रीवास्तव, आरएईओ बबिता साकेत ने किसानों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

## 24000 शीशी नशीली सिरप और 11 किंव. गांजा नष्ट

### आइजी की अध्यक्षता में गठित टीम ने प्रिज्म सीमेंट फैक्ट्री में करवाया नष्ट



**रीवा।** विभिन्न थानों में पकड़े गए गांजा और नशीली सिरप सोमवार को सीमेंट फैक्ट्री में नष्ट कराए गए। आइजी गौरव राजपूत की यक्षता में गठित टीम की मौजूदगी में नशे का सामान नष्ट कराया गया, जिसमे डीआइजी हेमंत सिंह चौहान, डीआइजी शहडोल सविता सोहाने, एसपी सतना हंसराज सिंह, डीएसपी उदित मिश्रा सहित विभिन्न थानों का बल मौजूद रहा। रीवा के मनगवां, रायपुर कर्चुलियान और सतना के कोलगवां थाने में वर्ष 2020-21 में पकड़ी गई करीब 24 हजार शीशी नशीली सिरप और ॥ क्विटल गांजे को फैक्ट्री में नष्ट कराया गया है। इससे थानों के मालखाने में भी काफी जगह खाली हो गई। इससे पहले भी नशीली सिरप को निर्धारित प्रक्रिया के तहत नष्ट कराया जा चुका है। रीवा जोन में सालों से नशीली सिरप पकड़ी जा रही थी, लेकिन उसके नष्ट कराने का कोई नियम नहीं था, जिससे पूरा मालखाना नशीली सिरप से भरा था। पुलिस विभाग ने पहल की, जिसके बाद शासन स्तर से नियम बनाए गए और अब निधर्धारित प्रक्रिया के बाद एक-एक करके जब्त नशीली सिरप को नष्ट कराया जा रहा है। अभी कई थानों में जब्त सिरप को नष्ट कराने की प्रक्रिया लंबित है, जिसके पूरा होने के बाद जल्द वहां की भी सिरप नष्ट कराई जाएगी।

## प्रदेश स्थापना दिवस एक नवम्बर को

### कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम



**रीवा ।** प्रदेश स्थापना दिवस आगामी एक नवम्बर को मनाया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा है कि एक नवम्बर को जिले भर में पूरे उल्लास के साथ प्रदेश स्थापना दिवस मनाया जाएगा। जिला स्तरीय समारोह कलेक्ट्रेट परिसर में सुबह 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। इसमें जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और आमजनों की सहभागिता रहेगी। कार्यक्रम स्थल पर जिले की उपलब्धियों और उत्कृष्ट कार्यों तथा स्वसहायता समूहों के उत्पादों की प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। जिला मुख्यालय के सभी शासकीय भवनों में एक नवम्बर की रात्रि में प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी तथा अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा शिक्षण संस्थानों में प्रदेश के गौरव और संस्कृति से जुड़े कार्यक्रम आयोजित कराकर विद्यार्थियों को स्थापना दिवस कार्यक्रम से जोड़ें। जिला शिक्षा अधिकारी जिला स्तरीय कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति सुनिश्चित करें। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जिले और प्रदेश के विकास कार्यों और उपलब्धियों को प्रदर्शित करें। सभी अधिकारी प्रदेश स्थापना दिवस समारोह में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। स्थापना दिवस समारोह के सफल क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर द्वारा अधिकारियों को विभिन्न दायित्व सौंपे गए हैं। कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में नगर निगम, स्कूल शिक्षा, उद्यानिकी, कृषि, आदिम जाति कल्याण, महिला एवं बाल विकास, जिला उद्योग केन्द्र, डेयरी विभाग, जिला पंचायत, पशुपालन, पीएचई, जल निगम एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रदर्शनी के आयोजन के लिए जिला उद्योग अधिकारी जीपी तिवारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के स्वीकृत कार्य समय सीमा में पूर्ण करायें - कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के कार्यों की नगर परिषदवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सभी कार्य समय सीमा में पूर्ण करायें। प्रधानमंत्री आवास प्रथम के तहत कार्यों को पूर्ण करने की अंतिम समय सीमा 15 नवम्बर है अतः नगर परिषद के सीएमओ नियत तिथि तक अपूर्ण कार्यों को पूर्ण करायें अन्यथा संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जायेगी। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिये कि एएचपी घटक के स्वीकृत कार्य 15 नवम्बर तक पूर्ण करें तथा लंबित कार्यों की समय सीमा वृद्धि का प्रस्ताव शासन स्तर को भेजें। उन्होंने कहा कि आवास के लिये स्वीकृत राशि का यदि हितग्राही ने अन्य कार्यों में उपयोग किया हो तो संबंधित से वसूली की कार्यवाही भी सुनिश्चित करायें। कलेक्टर ने धारणाधिकार के आवेदनों को पोर्टल में फीड करते हुए आवास स्वीकृति की कार्यवाही करने के निर्देश बैठक में अधिकारियों को दिये। बीएलसी घटक के आवास के कार्य अभियान चलाकर पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। आवास योजना से संबंधित सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये गये।बैठक में अमृत योजनान्तर्गत जल प्रदाय, पार्क व वाटरवाड़ी के कार्यों की समीक्षा के दौरान बताया गया कि 10 नगरीय निकायों में 29 स्वीकृत कार्यों में 12 कार्य पूर्ण कर लिये गये हैं। कलेक्टर ने शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में सर्वे कराकर पात्र हितग्राहियों के प्रकरण तैयार करने तथा स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत नगर परिषदों में सार्वजनिक शौचालय निर्माण के लिये भूमि चयन कर तत्काल कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कायाकल्प अभियान के कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस योजना में 71 कार्यों में से 35 कार्य पूर्ण किये जा चुके हैं। बैठक में संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन मयंक वर्मा ने नगरीय निकायों तथा नगर निगम अन्तर्गत संचालित कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान नगर परिषदों के सीएमओ तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### राजस्व अधिकारी राजस्व अभिलेखों में 30 अक्टूबर तक

**रीवा ।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिले के समस्त राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राजस्व अभिलेखों में 30 अक्टूबर तक विशेष अभियान चलाकर पारित आदेशों का शत प्रतिशत इस्तलाबी सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि राजस्व न्यायालयों में राजस्व प्रकरणों में आदेश पारित होने के बावजूद भी राजस्व अभिलेखों में आदेशों की इस्तलाबी नहीं की जाती जो पदीय दायित्व के प्रति लापरवाही है। कमिश्नर रीवा संभाग द्वारा भी तत्संबंध में कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को अभियान चलाकर कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए प्रतिदिन की कार्यवाही से अवगत कराने के निर्देश दिये हैं।

## नईगढ़ी नगर परिषद में फर्जी बैठक का आरोप, 12 पार्षदों ने सीएमओ के खिलाफ कलेक्टर से की शिकायत

**मऊगंजः**



जिले के नगर परिषद नईगढ़ी में एक बार फिर प्रशासनिक टकराव सामने आया है। बुधवार को नगर परिषद नईगढ़ी के 12 पार्षद सामूहिक रूप से मऊगंज कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और कलेक्टर संजय कुमार जैन को मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) हेमंत त्रिपाठी के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई। पार्षदों ने आरोप लगाया कि सीएमओ ने नगर परिषद की बैठक में मनमानी करते हुए नियमों को दरकिनार किया और अध्यक्ष के दबाव में अवैधानिक कार्यवाही की।पार्षदों ने अपनी शिकायत में बताया कि 27 अक्टूबर को नगर परिषद नईगढ़ी की बैठक शाम 4 बजे सभागार में बुलाई गई थी। तय समय पर सभी पार्षद सभागार में पहुंच गए, लेकिन अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सीएमओ 4:30 बजे तक सभाकक्ष में नहीं पहुंचे। पार्षदों के अनुसार, सीएमओ हेमंत त्रिपाठी ने बैठक सभागार में कराने से इनकार कर दिया और कहा कि बैठक केवल अध्यक्ष के कक्ष में ही होगी।पार्षदों का कहना है कि “जब मीटिंग हॉल निर्धारित है और सभी सदस्य वहीं मौजूद हैं, तो अध्यक्ष कक्ष में बैठक कराने का औचित्य क्या है?” इस बात को लेकर पार्षदों ने विरोध जताया और नारेबाजी करते हुए बैठक से बाहर निकल गए।

### वरिष्ठ पार्षद ने संभाली बैठक की कमान

पार्षदों ने बताया कि नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 59 के तहत, जब अध्यक्ष अनुपस्थित होता है तो उपस्थित सदस्यों में से वरिष्ठ सदस्य को सभापति बनाकर बैठक कराई जा सकती है। इसी आधार पर पार्षदों ने वार्ड क्रमांक 3 के वरिष्ठ पार्षद छविलाल प्रजापति को सभापति नियुक्त किया और बैठक में चार एजेण्डा बिंदुओं पर चर्चा की।*पार्षदों की मांग*12 पार्षदों ने कलेक्टर से मांग की है कि 27 अक्टूबर की परिषद सभागार में पारित प्रस्तावों को वैध माना जाए और अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सीएमओ की अवैधानिक कार्यवाही को निरस्त किया जाए। साथ ही, सीएमओ हेमंत त्रिपाठी के खिलाफ विभागीय जांच कर कार्रवाई की जाए।पहले से लंबित है अविश्वास प्रस्तावगौरतलब है कि इन 12 पार्षदों ने पहले ही नगर परिषद अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किया था, जो फिलहाल शासन स्तर पर लंबित है। पार्षदों का कहना है कि वे जनहित के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए बैठक में शामिल हुए थे, लेकिन अधिकारी और अध्यक्ष की मनमानी के चलते बैठक नहीं हो सकी।स्थिति अब नगर परिषद में टकराव की ओर बढ़ती दिख रही है, जिससे नईगढ़ी परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।

## मऊगंज जिला वाटरशेड विकास सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

### कलेक्टर ने कृषि सिंचाई योजना वाटर शेड विकास घटक 2.0 की समीक्षा की

**मऊगंजः**



कलेक्टर संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में जिला वाटरशेड विकास सलाहकार समिति की बैठक में कृषि सिंचाई योजना वाटरशेड विकास घटक 2.0 के कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान एवं अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक कराये गये कार्यों की वित्तीय व भौतिक प्रगति की समीक्षा के साथ ही हितग्राहीवार व कार्यवार अनुमोदन किया गया। कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने कहा कि कृषि उत्पादन प्रणाली के तहत सब्जी, पुष्प उत्पादक के लिये किसानों को प्रेरित करने के साथ ही फसल विविधीकरण हेतु जागरूक किया जाय। कृषक सदस्यों को एफपीओ की सदस्यता के लिये प्रेरित करने का कार्य भी प्राथमिकता से कराया जाय। कलेक्टर ने कहा कि जिले में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए गौपालन हेतु किसानों को अधिक से अधिक जागरूक किया जाय। जिले में गौशालाओं की संख्या काफी है जिनमें गौवंश संरक्षित किये गये हैं। गौशालाओं को भी आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्राथमिकता से कार्य किये जाय। उन्होंने खेत तालाब, रिचार्ज शाफ्ट, गेबियन तथा सिंचाई तालाब बैठक में बताया गया कि परियोजना क्रमांक-1 मऊगंज में विभिन्न वाटरशेड कमेटियों द्वारा 87.92 लाख रूपये से स्वीकृत कार्यों के विरूद्ध 56.84 रूपये से कार्यों में व्यय हुए। जबकि परियोजना क्रमांक-2 हनुमना में स्वीकृत 166.11 लाख रूपये के कार्यों के विरूद्ध 84.4889 लाख रूपये के कार्य कराये गये। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पूर्ण कार्यों के पूर्णता प्रमाण पत्र जारी करते हुए अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करायें। आजीविका उन्नयन मद से सिलाई सेंटर, आयल मिल व डेयरी गतिविधियों के लिये स्वीकृत कार्यों में केवल डेयरी कार्य पूर्ण हुआ है शेष अप्रारंभ कार्य को प्रारंभ कराने के निर्देश बैठक में दिये गये। मुर्गीपालन, मियावाकी वृक्षारोपण तथा क्लस्टर आधारित सब्जी उत्पादन कार्यों की कार्ययोजना के साथ ही हितग्राही का अनुमोदन दिया गया। बैठक में मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, डॉ. संजय सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।